आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

13.05.2024 समय : 1850

- मायाबंदर निर्वाचन क्षेत्र से ज़िला परिषद सदस्य और निर्दलीय उम्मीदवार एलिज़ाबेथ मार्टिन को मध्योत्तर अंडमान ज़िला परिषद की नई अध्यक्षा और रंगत से जिला परिषद सदस्य तपस रॉय को उपाध्यक्ष चुना गया।

- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी बी एस ई ने आज दसवीं और बारहवीं कक्षा के नतीजे घोषित किए।

- दक्षिण–पश्चिम मानसून इस महीने की उन्नीस तारीख के आस–पास दक्षिण अंडमान सागर, दक्षिण–पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग और निकोबार द्वीप में सक्रिय हो सकता है।

- नागरिक आपूर्ति विभाग ने अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले समूह के द्वीपों के सभी बचे हुए राशन कार्डधारकों से पन्द्रह मई तक ई–के वाई सी कराने का अनुरोध किया है।

- पोर्ट ब्लेयर में डी जी पी कप अंडमान निकोबार राज्य ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

मायाबंदर निर्वाचन क्षेत्र से ज़िला परिषद सदस्य और निर्दलीय उम्मीदवार एलिज़ाबेथ मार्टिन मध्योत्तर अंडमान ज़िला परिषद की नई अध्यक्षा चुनी गई है। आज ज़िला उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा की अध्यक्षता में तीसरे वर्ष के कार्यकाल के लिए कराए गए चुनाव में इन्होंने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार वसंती देवी को पराजित किया। श्रीमती एलिज़ाबेथ के पक्ष में कुल नौ वोट पड़े, जबकि वसंती देवी को आठ सदस्यों का समर्थन प्राप्त हुआ। उपाध्यक्ष के चुनाव में रंगत से ज़िला परिषद सदस्य और निर्दलीय उम्मीदवार तपस रॉय ने डिगलीपुर के सीतानगर निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और ज़िला परिषद सदस्य निरंजन हलदार को हराया। तपस रॉय को दस वोट मिले, जबकि निरंजन हलदार के पक्ष में सात वोट पड़े। श्रीमती एलिज़ाबेथ दूसरी बार मध्योत्तर अंडमान ज़िला परिषद की अध्यक्षा चुनी गई है।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी बी एस ई ने आज दसवीं और बारहवीं कक्षा के नतीजे घोषित किए। सी बी एस ई ने एक बयान में कहा है कि बारहवीं में कुल सत्तासी दशमलव नौ–आठ प्रतिशत छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। यह प्रतिशत पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव छह–पांच प्रतिशत अधिक है। चौबीस हजार से अधिक उम्मीदवारों ने पचानब्बे प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं और एक लाख सोलह हजार से अधिक छात्रों ने नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत लड़कों की तुलना में छह दशमलव चार–शून्य प्रतिशत अधिक है। दसवीं बोर्ड परीक्षा में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत तिरानब्बे दशमलव छह–शून्य रहा। लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत चौरानब्बे दशमलव सात–पांच है, जबकि लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत बानब्बे दशमलव सात–एक है। परिणाम बोर्ड की वेबसाइट **www.cbseresults.nic.in**, **www.cbse.gov.in** के साथ–साथ डिजीलॉकर और उमंग ऐप्स पर भी देखे सकते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण–पश्चिम मानसून इस महीने की उन्नीस तारीख के आस–पास दक्षिण अंडमान सागर, दक्षिण–पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग और निकोबार द्वीप में सक्रिय हो सकता है। वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक सैंतीस दशमलव चार और कार निकोबार में छब्बीस मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। पोर्ट ब्लेयर में आठ दशमलव आठ, हटबे में चार दशमलव चार और ननकौड़ी में तीन दशमलव एक मिलीमीटर वर्षा हुई। अगले दो दिनों तक के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि निकोबार द्वीप और अंडमान द्वीप के कुछ भागों में वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। सोलह और सत्रह मई को द्वीपों के अधिकांश भागों तथा अट्ठारह और उन्नीस मई को कई भागों में वर्षा होने या गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना व्यक्त की गई है।

<><><><><><>

सांसद कुलदीप राय शर्मा ने बाराटांग द्वीप मे लोरोजिक पुल का पुनः निर्माण कराने का अनुरोध किया है। मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में उन्होंने कहा कि इस पुल के नजदीक आर सी सी पुल दयनीय स्थिति में है। इससे आने–जाने वाले लोगों को काफी असुविधा हो रही है। मानसून के इस मौसम में जल स्तर में वृद्धि होने से काफी खतरा हो सकता है। इस पुल के क्षतिग्रस्त होने से पोर्ट ब्लेयर का मध्योत्तर अंडमान से संपर्क टूट सकता है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सांसद ने इस पुल के पुनः निर्माण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया।

<><><><><><>

नागरिक आपूर्ति विभाग ने अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले समूह के द्वीपों के सभी बचे हुए राशन कार्डधारकों से पन्द्रह मई तक ई–के वाई सी कराने का एक बार फिर अनुरोध किया है। विभाग ने कहा है कि अब तक जिन उपभोक्ताओं ने उचित मूल्य की दुकानों या नागरिक आपूर्ति निदेशालय या बाहरी द्वीपों में स्थित आपूर्ति विभाग के इकाईयों में ई–के वाई सी नहीं कराए हैं, वे तुरंत अपने–अपने क्षेत्र के उचित मूल्य की दुकानों से आधार नम्बर के साथ संपर्क करें, ताकि राशन कार्ड मे अंकित सभी सदस्यों की ई–के वाई सी हो सके। राशन कार्डधारक नागरिक आपूर्ति विभाग में कमरा नम्बर बीस या अपने–अपने क्षेत्र के आपूर्ति इकाई में पन्द्रह मई तक अवश्य संपर्क करें। बचे हुए लाभार्थियों की सूची जानकारी के लिए संबंधित उचित मूल्य की दुकानों पर उपलब्ध है। कुछ मामलों में वृद्धजनों या किसी अन्य कारणों से अंगुली की छाप उपकरण में दिखाई नही देती है, ऐसे सभी लाभार्थियों से नागरिक आपूर्ति विभाग स्थित आधार केन्द्र या उनके तहसील के आधार केन्द्र में आधार बायोमिट्रिक के कार्य को सम्पन्न करें, ताकि उन्हें अंतिम अवसर से चूकना न पड़े।

<><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस के अवसर पर कल अनिम्स के व्याख्यान हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष का विषय था–हमारी नर्स–हमारा भविष्य–देखभाल की आर्थिक शक्ति। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सूजा एन्थोनी मुख्य अतिथि थी। अपने संबोधन में उन्होंने द्वीपों में नर्स समुदाय की ओर से किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनसे इसी तरह लगन से सेवा देने का अनुरोध किया। जी. बी पंत अस्पताल की मैर्टन जोहेना रियाज़ और ए एन एम प्रशिक्षण स्कूल की प्रधान नर्सिंग अधिकारी मिमि सिंगा रॉय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

<><><><><><>

फरारगंज तहसील में बिजली की समस्या से निपटने के अनुरोध को लेकर स्थानीय प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त व सचिव ऊर्जा नन्दिनी पालीवाल से मुलाकात की। पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों ने बिजली की कटौती से लोगों को हो रही तकलीफों से उन्हें अवगत कराया। श्रीमती नन्दिनी पालीवाल ने ऊर्जा निदेशक और अधीक्षण अभियंता को समस्या का समाधान करने का निर्देश देते हुए प्रतिनिधिमंडल से कहा कि प्रशासन बिजली आपूर्ति की समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए प्रयास कर रहा है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर में पहली बार डी जी पी कप अंडमान निकोबार राज्य ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। अंडमान निकोबार पुलिस और अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट का कल समापन हो गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव केशव चन्द्र मुख्य अतिथि थे। आर. कस्तुरी बाई को टूर्नामेंट का विजेता घोषित किया गया, जबकि अनुग्रह नायर उप–विजेता रहे। तीन श्रेणियों में आयोजित टूर्नामेंट में विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने टूर्नामेंट के महत्व और इसके जरिए बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के महत्व पर जानकारी देते हुए कहा कि इससे द्वीपों के युवाओं को लाभ मिलेगा।

<><><><><><><>

एम वी स्वराजद्वीप कल सुबह नौ बजे पोर्ट ब्लेयर से चेन्नई जाएगा। यात्रियों को जहाज़ पर चढ़ाने का कार्य कल सुबह सात बजे से आरंभ होगा।

<><><><><><><>